# लखनऊ समेत चार शहरों में बनेंगे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर

## आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने की समीक्षा बैठक

### उत्तर प्रदेश बनेगा स्टार्टअप और इलेक्ट्रॉनिक्स का गढ़

### कानपुर, गोरखपुर और वाराणसी में भी बनेगा क्लस्टर

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए केवल नोएडा तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश में कई क्लस्टर बनाए जाएंगे।

इसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी स्थापित किया जाएगा। फिलहाल गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ और कानपुर में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जोन विकसित किए जाएंगे।

इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लि. की समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) अनुराग यादव को निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि इससे इन शहरों में मोबाइल फोन, टीवी, लैपटाप, टैबलेट आदि बनाने का रास्ता खुलेगा। इससे औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजित होंगे।



समीक्षा बैठक में मौजूद आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा और प्रमुख सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) अनुराग यादव। स्रोत : सूचना विभाग

बैठक में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के विस्तार, स्टार्टअप को सहयोग, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने और रोजगार सृजन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने लखनऊ में अत्याधुनिक स्टार्टअप हब स्थापित करने की योजना को प्राथमिकता दी। कहा, यह प्रदेश में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को गति देगा, जिससे स्थानीय स्टार्टअप्स को एक मजबूत प्लेटफॉर्म मिलेगा। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए।

कहा, इससे प्रशासनिक कार्यों की दक्षता में वृद्धि होगी और विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जा सकेगा। बैठक में विशेष सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) राहुल सिंह व नेहा जैन और उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लि. के प्रबंध निदेशक रवि रंजन मौजूद थे।